# पुर्नप्राप्त जन्मोत्सव पर मंत्री नन्दी ने कृतज्ञता के साथ भगवान भोलनाथ को किया नमन

## पूरे प्रदेश में व्यापारी साहस दिवस के रूप में मनाया गया मंत्री नन्दी का पुर्नप्राप्त जन्मोत्सव

- मनोकामनापूर्ति शिव मंदिर में सपरिवार रूद्राभिषेक एवं पूजन किया
- हजारों लोग पुर्नप्राप्त जन्मोत्सव में हुए शामिल, विशाल भंडारे में ग्रहण किया प्रसाद

भारत संवाद

2010 में हुए जानलेवा हमले में बुरी तरह से घायल होने के बाद भी भगवान भोलेनाथ की कृपा के कारण मौत को मात देकर पुनर्जीवन प्राप्त करने वाले उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने शनिवार को श्रद्धा भाव एवं कृतज्ञता के साथ भूत भावन भगवान भोलेनाथ की आराधना कर अपना पुर्नप्राप्त जन्मोत्सव मनाया। मंत्री नन्दी ने शनिवार को बहादुरगंज स्थित प्राचीन मनोकामनापूर्ति शिव मंदिर में ईष्ट मित्रों, समर्थकों एवं पारिवारिक सदस्यों के साथ रूद्राभिषेक एवं पूजन अर्चन कर लोक कल्याण एवं पुण्य की कामना की। प्रयागराज की पूर्व महापौर श्रीमती अभिलाषा गुप्ता नन्दी के साथ भोलेनाथ के समक्ष नतमस्तक होकर पुनर्जीवन के लिए कृतज्ञता अर्पित किया। इस दौरान आयोजित भंडारे में बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। कई कैबिनेट मंत्रियों, उद्यमियों, व्यापारियों एवं विशिष्ट अतिथियों ने पुनर्प्राप्त जन्मोत्सव में सम्मिलित होकर मंत्री नन्दी को शुभकामनाएं प्रेषित की।

मंत्री नन्दी का पुनर्प्राप्त जन्मोत्सव प्रयागराज के साथ ही पूरे प्रदेश में व्यापारी साहस दिवस के रूप में मनाया गया। विभिन्न जनपदों में शिव मंदिरों पर पूजन अर्चन एवं भंडारे के साथ ही सेवा कार्य भी किया गया।

11 ब्राह्मणों ने कराई पूजा

भगवान भोलानाथ को अपना आराध्य मानने वाले मंत्री नन्दी ने मनोकामनापूर्ति मंदिर में विधि विधान पूर्वक पूजन अर्चन किया।



गुरुकुल आश्रम के अयोध्या प्रसाद शास्त्री ( गुरु जी ) और मधुरम मिश्र के नेतृत्व में 11 ब्राह्मणों ने मंत्रोच्चारण के बीच रुद्राभिषेक संपन्न कराया।

मध्य प्रदेश के 108 सदस्यीय दल ने किया डमरू का नाद

पुनर्प्राप्त जन्मोत्सव के अवसर पर बहादुरगंज स्थित प्राचीन मनोकामनापूर्ति शिव मंदिर के बाहर मध्य प्रदेश से आए श्री बाबा बटेश्वर कीर्तन समिति भोपाल के 108 सदस्यों ने डमरू के नाद एवं झांझ, मंजीरे और नगाड़ों जैसे वाद्य यंत्रों से भूत भगवान भोलेनाथ की आराधना की। पूरा इलाका डमरू की नाद से गूंज उठा।

डमरू के साथ ही शृंगी का भी नाद हुआ।

वाराणसी के व्यापारियों ने भेजा गंगाजल, हुआ जलाभिषेक

बाबा विश्वनाथ के पुण्य धाम काशी से आए मां गंगा के पावन जल से मनोकामनापूर्ति प्राचीन शिव मंदिर में भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक हुआ। काशी के व्यापारियों एवं वैश्य समाज के पदाधिकारियों ने मंत्री नन्दी की दीघार्यु की कामना के साथ कई गागर गंगा जल भेजा। कई कावरिया जल लेकर प्रयागराज पहुंचे। मंत्री नन्दी ने बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी से आए गंगा जल से कालकंटक भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। स्वामी चिदानंद के साथ मंत्री राकेश सचान, अनिल राजभर व मन्नूकोरी ने दी शुभकामनाएंउत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री राकेश सचान, उत्तर प्रदेश सरकार के श्रम एवं सेवा योजन समन्य विभाग मंत्री अनिल राजभर, राज्य मंत्री श्रम एवं सेवायोजन विभाग मनोहर लाल ( मन्नूकोरी ) मंत्री नन्दी के पुर्नप्राप्त जन्मोत्सव में सम्मिलित हुए। बहादुरगंज स्थित मनोकामना पूर्ति शिव मंदिर में पूजन अर्चन के साथ ही मंत्री नन्दी को पुर्नप्राप्त जन्मोत्सव की शुभकामनाएं दी। परमार्थ निकेतन ऋषिकेश के अध्यक्ष स्वामी चिदानन्द सरस्वती भी शनिवार को प्रयागराज पहुंचे। उन्होंने बहादुरगंज स्थित प्राचीन मनोकामना पूर्ति शिव मंदिर में पूजन अर्चन कर मंत्री नन्दी को आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं दी। सांसद प्रवीण पटेल, भाजपा गंगापार अध्यक्ष श्रीमती निर्मला पासवान, भाजपा महानगर अध्यक्ष संजय गुप्ता के साथ ही अन्य गणमान्यजन भी समारोह में सम्मिलित हुए।अभिनेता मनोज जोशी एवं अभिषेक अग्रवाल रहे मौजूद

मालामाल विकली एवं हलचल जैसी मशहूर फिल्मों में महत्वपूर्ण अभिनय से अपनी पहचान बनाने वाले बॉलीवुड के अभिनेता मनोज जोशी एवं कश्मीर फाइल जैसी महत्वपूर्ण फिल्म के निमार्ता अभिषेक अग्रवाल भी प्रयागराज पहुंचे और मंत्री नन्दी के पुर्नप्राप्त जन्मोत्सव में सम्मिलित होते हुए पूजन अर्चन किया और मंत्री नन्दी को शुभकामनाएं दी।

# फास्ट ट्रैक

## जनपदीय पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारीगण द्वारा थाना समाधान दिवस के अवसर पर जनपद के समस्त थानों पर आने वाले आमजन की सुनी गयी समस्याएं

भारत संवाद

शासन के निदेर्शानुसार ( प्रत्येक माह के द्वितीय व चतुर्थ शनिवार ) जनता की समस्याओं को सुनकर उनके त्वरित निस्तारण हेतु जनपद के समस्त थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया । उक्त अवसर सोमेन बर्मा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद मीरजापुर व प्रियंका निरंजन जिलाधिकारी जनपद मीरजापुर द्वारा थाना लालगंज पर आमजन की समस्याओं को सुनकर सम्बन्धित को निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया । इसी क्रम में नायब तहसीलदार द्वारा थाना को0शहर पर, अपर पुलिस अधीक्षक नगर द्वारा थाना को0कटरा पर, उप जिलाधिकारी व क्षेत्राधिकारी नगर द्वारा थाना विन्ध्याचल, नायब तहसीलदार द्वारा थाना को0देहात पर, अपर पुलिस अधीक्षक नगर व उप जिलाधिकारी द्वारा थाना चिल्ह पर, नायब तहसीलदार द्वारा थाना पड़री, हलिया, अहरौरा, राजगढ़ पर, अपर जिलाधिकारी, उप जिलाधिकारी व क्षेत्राधिकारी चुनार द्वारा थाना चुनार पर, उपजिलाधिकारी द्वारा थाना अदलहाट पर, अपर जिलाधिकारी व क्षेत्राधिकारी आपरेशन द्वारा थाना मड़िहान पर सम्बन्धित प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्षगण व राजस्व विभाग के अय अधिकारी एवं कर्मचारीगण के साथ थाने पर आने वाले आमजन की समस्याएं सुनकर मौके पर निस्तारण कराया गया तथा शेष मामलों के निस्तारण हेतु राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम को मौके पर रवाना किया गया ।

### थाना समाधान दिवस पर प्राप्त प्रार्थना पत्रों को थानावार विवरण निम्नांकित है

थाना को0शहर 07 प्रार्थना पत्र प्राप्त 04 निस्तारित, थाना को0कटरा पर 07 प्रार्थना पत्र प्राप्त, थाना विन्ध्याचल पर 32 प्रार्थना पत्र प्राप्त, थाना को0देहात पर 24 प्रार्थना पत्र प्राप्त 01 निस्तारित, थाना चील्ह पर 17 प्रार्थना पत्र प्राप्त 02 निस्तारित, थाना कछवां पर 16 प्रार्थना पत्र प्राप्त, थाना पड़री पर 05 प्रार्थना पत्र प्राप्त 01 निस्तारित, थाना लालगंज पर 21 प्रार्थना पत्र प्राप्त 02 निस्तारित, थाना हलिया पर 19 प्रार्थना पत्र प्राप्त 03 निस्तारित, थाना जिगना पर 10 प्रार्थना पत्र प्राप्त, थाना सन्तनगर पर 11 प्रार्थना पत्र प्राप्त 05 निस्तारित, थाना ड्रमण्डगंज पर 05 प्रार्थना पत्र प्राप्त 01 निस्तारित, थाना चुनार पर 09 प्रार्थना पत्र प्राप्त, थाना अदलहाट पर 09 प्रार्थना पत्र प्राप्त 03 निस्तारित, थाना जमालपुर पर 13 प्रार्थना पत्र प्राप्त 04 निस्तारित, थाना अहरौरा पर 22 प्रार्थना पत्र प्राप्त 02 निस्तारित, थाना मड़िहान पर 09 प्रार्थना पत्र प्राप्त, थाना राजगढ़ पर 03 प्रार्थना पत्र प्राप्त, शेष मामलों के निस्तारण हेतु राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम को रवाना किया गया ।

## कांवड़ियों की यात्रा को सुगम बनाने के लिए जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने धुरकर नदी पर बने मार्ग का कराया मरम्मत

मीरजापुर, श्रावणमास में कांवड़ ले जा रहे श्रद्धालुओं के सुविधा के दृष्टिगत जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन व पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा ने आज मड़िहान तहसील के कलवारी-घोरावल मार्ग पर गुरदेव नगर के आगे ग्राम धुरकर के बकहर नदी स्थित पर पुल मार्ग का निरीक्षण कर मरम्मत कार्य का निरीक्षण किया। मौके पर उपस्थित लोक निर्माण विभाग को कार्य में तेजी लाते हुए आज ही रात्रि तक मरम्मत कार्य पूरा करने का निर्देश दिया गया। तत्पश्चात जिलाधिकारी ने पुलिस अधीक्षक के साथ श्रावण मास/कावड़ यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु शिवद्वार जाने वाले काँवड़ियों की सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत मड़िहान कलवारी से मड़िहान तक भ्रमण/निरीक्षण कर मार्गों का निरीक्षण किया तथा मार्गों में पड़ने वाले थाना/चौकी प्रभारीगण को भी आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इस अवसर पर तहसीलदार मड़िहान आशीष कुमार पाण्डेय व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# शोक संवेदना व्यक्त करने पूर्व राज्यमंत्री श्रीमती अनुपमा जायसवाल के घर पहुंचे उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य

भारत संवाद



लखनऊ/ बहराइचः उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य शनिवार को जनपद बहराइच में मा0 विधायक एवं पूर्व राज्यमंत्री श्रीमती अनुपमा जायसवाल जी के निज आवास पर पहुंच कर उनकी दिवंगत पूज्य सासू माँ के छाया चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होने शोकसंतप्त परिजनों से भेंट कर अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं तथा प्रभु श्रीराम जी से दिवंगत पुण्यात्मा की शांति और परिजनों को संबल प्रदान करने की प्रार्थना की। सदर विधायक के आवास पर मीडिया से वार्ता करते हुए उप मुख्यमंत्री ने कहा कि मा0 प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी व मा0 मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में देश व प्रदेश हर क्षेत्र में प्रगति कर रहा है। उन्होंने कहा कि मा0 प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में भारत सामरिक शक्ति बनने के साथ अर्थव्यवस्था के मामले मे भी तेजी के साथ आगे बढ़ रहा है । उन्होंने कहा कि मा0 प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के विजन के अनुरूप भारत हर क्षेत्र मे नित नये आयाम स्थापित कर रहा है। देश में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आये हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के लिए अपराधियों एवं माफियाओं के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई कर उन्हें जेल में भेजा गया है, ताकि बेहतर कानून व्यवस्था के कारण प्रदेश का चतुमुर्खी विकास हो सके। उन्होंने कहा कि श्रावण मास में चल रही कांवड़ यात्रा के दौरान भक्तों पर पुष्पवर्षा करायी जा रही है तथा यात्रा के दौरान भक्तों के लिए ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित करायी जा रही है कि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ेगा। उप मुख्यमंत्री श्री मौर्य ने कहा कि प्रदेश सरकार बिना किसी भेद-भाव के सबका साथ- सबका विकास- सबका विश्वास के मूल मन्त्र के साथ कार्य कर रही है। सभी पात्र लोगों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों का भरपूर लाभ प्राप्त हो रहा है।इस अवसर पर सांसद बहराइच आनन्द कुमार गौड़, एमएलसी डॉ0 प्रज्ञा त्रिपाठी, विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी, नानपारा राम निवास वर्मा, श्रावस्ती विधायक रामफेरन पाण्डेय, मुकुट बिहारी वर्मा, कमलेश मिश्रा, बृजेश पाण्डेय , जिलाधिकारी मोनिका रानी, पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह, मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानन्द कुशवाहा व ग्रामीण के दुर्गा प्रसाद, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ संजय कुमार, डीडीओ राज कुमार सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

# 47 स्थानों पर प्रधानमंत्री रोजगार मेले का भव्य आयोजन 51,000 से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित

## उत्तर मध्य रेलवे मे आगरा और झाँसी मे भी रोजगार मेले का आयोजन

भारत संवाद

देशभर में आयोजित प्रधानमंत्री रोजगार मेला के 16वें संस्करण के अंतर्गत आज राष्ट्रव्यापी स्तर पर 47 स्थानों पर भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से युवाओं को संबोधित किया तथा विभिन्न सरकारी विभागों में चयनित 51,000 से अधिक अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। उन्होंने कहा कि युवा देश की सबसे बड़ी ताकत हैं और उनकी भागीदारी विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने में अहम भूमिका निभाएगी। इस क्रम में उत्तर मध्य रेलवे के झाँसी एवं आगरा मंडलों में भी रोजगार मेला आयोजित किया गया, जहां झाँसी में 201 एवं आगरा में 102 नवनियुक्त अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए।

### झाँसी मंडल में आयोजन

झाँसी मंडल में पंडित दीनदयाल सभागार में आयोजित कार्यक्रम में माननीय केंद्रीय राज्य मंत्री, उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार श्री बी एल वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने माननीय सांसद श्री अनुराग शर्मा, मंडल रेल प्रबंधक झाँसी श्री दीपक कुमार सिन्हा एवं प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी श्री एस. बालचंद्र अय्यर की उपस्थिति में 201 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इनमें से सर्वाधिक 167 अभ्यर्थी रेलवे विभाग



से चयनित हुए, जबकि उच्च शिक्षा मंत्रालय, ईएसआईसी, संस्कृति मंत्रालय, आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया समेत अन्य विभागों से 34 अभ्यर्थियों को नियुक्त किया गया। मुख्य अतिथि श्री बी एल वर्मा ने कहा कि रोजगार मेला युवाओं को आत्मनिर्भर भारत की दिशा में सशक्त बनाने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने सभी से ईमानदारी व कर्तव्यनिष्ठा से कार्य करने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि श्री अनुराग शर्मा ने इसे प्रधानमंत्री जी की रोजगार सृजन की प्रतिबद्धता का प्रत्यक्ष उदाहरण बताया और सभी नवनियुक्त युवाओं को बधाई दी। मंडल रेल प्रबंधक श्री दीपक कुमार सिन्हा ने कहा कि यह गौरव का क्षण है जब अनेक अभ्यर्थी अपने परिवार से सरकारी सेवा में आने वाले पहले व्यक्ति बने हैं।

### आगरा मंडल में आयोजन

आगरा मंडल में उल्लास रेलवे ऑफिसर्स क्लब में हुए आयोजन में माननीय केंद्रीय राज्यमंत्री, मत्स्य पालन, पशुपालन व डेयरी तथा पंचायती राज मंत्रालय, भारत सरकार प्रो. एस.पी. सिंह बघेल मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने 102 नवनियुक्त अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए।

# सोशल मीडिया पर छाया मंत्री नन्दी का पुनप्राप्त जन्मोत्सव

भारत संवाद

उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास, निर्यात प्रोत्साहन, एनआरआई एवं निवेश प्रोत्साहन मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नन्दी' का पुनर्प्राप्त जन्मोत्सव इस वर्ष भी पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

12 जुलाई को दिनभर सोशल मीडिया पर उन्हें बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। 12 जुलाई को सुबह से लेकर देर रात तक ( पूर्व में ट्विटर ), फेसबुक, इंस्टाग्राम और अन्य सोशल मीडिया मंचों पर उन्हें शुभकामनाएं देने वालों की बाढ़ सी आ गई। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, सांसदों, विधायकों, कार्यकताओं के साथ-साथ साहित्य, कला, सामाजिक सेवा और फिल्म जगत से जुड़ी कई जानी-मानी हस्तियों ने भी उन्हें बधाई संदेश भेजे। सोशल मीडिया पर यह दिवस पूरे दिन #पुनर्प्राप्तजन्मोत्सव, #Nandirebirth 2010जैसे हैशटैग्स के साथ ट्रेंड करता रहा।

### जीवन का हर क्षण सेवा में है समर्पित

इस अवसर पर मंत्री नन्दी ने सभी शुभचिंतकों, समर्थकों और कार्यकताओं का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा, 12 जुलाई मेरे लिए केवल एक तारीख नहीं, यह वह दिन है जब मैंने यह नया जीवन पाया।

यह जीवन अब पूरी तरह जनता की सेवा को समर्पित है। आपकी प्रार्थनाओं, विश्वास और स्नेह ने मुझे नया संकल्प दिया है और मैं अपने हर क्षण को जनकल्याण के लिए समर्पित करता रहूंगा।

### पूजा-पाठ, धार्मिक कीर्तन, भंडारे व सेवा कार्य का आयोजन

विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी प्रयागराज सहित उत्तर प्रदेश के अनेक जिलों कानपुर, लखनऊ, गोरखपुर, मुरादाबाद, हापुड़ आदि में समर्थकों और कार्यकताओं ने मंदिरों में विशेष पूजा-पाठ, धार्मिक कीर्तन, भंडारे तथा गरीबों के बीच भोजन वितरण जैसे सेवा कार्यों का आयोजन किया। इन कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में आमजन, कार्यकर्ता और सामाजिक-धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने सहभागिता की।

# हाथ पकड़कर यमुना में कूदे प्रेमी-प्रेमिका

### नदी में जाल डाला, 8केएम में सर्च ऑपरेशन जारी; पानी में उतराता मिला लड़की का बैग

भारत संवाद

प्रयागराज, नए यमुना पुल से प्रेमी-प्रेमिका ने हाथ पकड़कर नदी में छलांग लगा दी। बाढ़ की वजह से दोनों की बॉडी गहराई में चली गई। जल पुलिस और गोताखोर नदी में करीब 8 से 10 केएम में रेस्क्यू ऑपरेशन चला रहे हैं। नदी में जाल भी डाला गया है। मगर अभी दोनों की बॉडी नहीं मिली है। जहां दोनों ने छलांग लगाई, वहां पानी में एक बैग उतराता हुआ मिला है। इस बैग में मिले 10वीं के सर्टिफिकेट से लड़की की पहचान हो सकी है। उसका नाम ज्योति गुप्ता है। वह करछना के बगुरा लकटहा की रहने वाली है। लोग चिल्लाते रहे, लड़की-लड़का कूद गए यमुना पुल पर एक लड़का और लड़की पहुंचे। उन्होंने पुल पर बनी रेलिंग को लांघकर दोनों पैर नदी की तरफ करके रेलिंग पर बैठ गए। उन्हें देख कर लोग चिल्लाने लगे। लोगों ने उन्हें रोकने की भी कोशिश की। कुछ लोग उन्हें पकड़ने के लिए दौड़े। तभी लड़की और लड़का एक-दूसरे का हाथ पकड़कर नदी में कूद गए। जब तक लोग उन तक पहुंच पाते, तब तक वह यमुना नदी की बीच धार में समा गए। नदी के करीब ही जल पुलिस के जवान और गोताखोर मौजूद थे। सूचना मिलते ही मोटर बोट की मदद से सुबह 8 बजे रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। पुलिस ने लड़की के पिता राम आसरे गुप्ता को इस घटना की जानकारी दी है। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि ज्योति सिरसा के कन्या इंटर कॉलेज में पढ़ती है। उनके पिता राम आसरे मुंबई में प्राइवेट जॉब करते हैं।

# रेलवे ने परीक्षाओं को सरल बनाने और नियुक्तियों में तेजी लाने के लिए बड़े सुधार शुरू किए

### आधार-आधारित ई-केवाईसी, वास्तविक समय में चेहरे की पहचान और शून्य-धोखाधड़ी के लिए फोटो सत्यापन

- रेलवे भर्ती की नई परिकल्पना: उम्मीदवारों के लिए पारदर्शी, समावेशी और तेज
- आवेदन प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए एकमुश्त पंजीकरण प्रणाली
- वार्षिक कैलेंडर की शुरुआत: 2024 में 1.08 लाख से अधिक रिक्तियों के लिए अधिसूचना

भारत संवाद

नई दिल्ली, रेल मंत्रालय ने भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी, कुशल और तकनीक-संचालित बनाने के उद्देश्य से कई सुधार किए हैं। ये सुधार अधिकारियों, उम्मीदवारों, कोचिंग संस्थानों और अन्य हितधारकों के साथ व्यापक परामर्श के माध्यम से विकसित किए गए हैं। पहली बार, एएलपी, तकनीशियन, एनटीपीसी, आरपीएफ, पैरामेडिकल और लेवल-1 श्रेणियों सहित सभी ग्रुप सी पदों के लिए 2024 से एक वार्षिक भर्ती कैलेंडर शुरू किया गया है। यह पारदर्शिता सुनिश्चित करता है और उम्मीदवारोंअधिसूचना और प्रथम चरण की परीक्षा के बीच का समय लगभग 8 महीने तक कम कर दिया गया है। चल रहे सिस्टम सुधारों के साथ, इस अवधि के और कम होने की उम्मीद है, जिससे प्रक्रिया और नियुक्ति प्रक्रिया तेज हो सकेगी। बड़े पैमाने पर होने वाली परीक्षाओं को सुगम बनाने के लिए, परीक्षा के बुनियादी ढाँचे का पर्याप्त विस्तार किया गया है। प्रतिदिन 325 से अधिक केंद्र संचालित होते हैं, जिनमें से प्रत्येक की क्षमता लगभग 350 उम्मीदवारों की है। प्रति पाली 25,000 नोड्स जुड़ने से नेटवर्क का और विस्तार होगा। उम्मीदवार के पते से 250 किमी के भीतर केंद्र आवंटित करने को प्राथमिकता दी जा रही है, जिसे आवश्यकता पड़ने पर 500 किमी तक बढ़ाया जा सकता है। धोखाधड़ी की रोकथाम और तकनीकी नवाचारों पर जोर दिया गया है। आधार-आधारित ई-केवाईसी, रीयल-

जलाभिषेक समारोह — माननीय मंत्री श्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी जी, विशिष्ट अतिथि, गणमान्य विभूतियों की गरिमामयी उपस्थिति

# स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी का पवित्र माह श्रावण के दिव्य अवसर पर प्रयागराज मनोकामना पूर्ति शिवमन्दिर में आयोजित जलाभिषेक समारोह में दिव्य सान्निध्य

- नन्दी सेवा संस्थान द्वारा समाज सेवा के क्षेत्र में अनुकरणीय प्रयास मां की रसोई बन रही है सेवा, स्नेह और संवेदना का प्रतीक
- 12 जुलाई 2010 को श्रावण के पवित्र माह में मनोकामना पूर्ति शिवमंदिर में जलाभिषेक के दौरान जो हृदयविदारक घटना घटित हुई, वह मानवता की आत्मा पर गहरा प्रहार थी, उसमें मारी गयी उन सभी दिव्य आत्माओं की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना

भारत संवाद

प्रयागराज। परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी को माननीय मंत्री श्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी जी के मार्गदर्शन में संचालित नन्दी सेवा प्रकल्पों के अनुकरणीय प्रयासों के लोकार्पण समारोह हेतु विशेष रूप से आमंत्रित किया गया। यह आयोजन प्रयागराज स्थित मनोकामना पूर्ति शिवमंदिर में आयोजित विशेष जलाभिषेक समारोह के अवसर पर हुआ, जो सेवा, समर्पण और आध्यात्मिक ऊर्जा का अद्भुत संगम है। स्वामी जी की गरिमामयी उपस्थिति ने इस समारोह को एक विशेष आध्यात्मिक गरिमा प्रदान की, जिससे जनसेवा के इन प्रयासों को नई प्रेरणा और दिशा मिली।इस पावन अवसर पर कई विशिष्ट विभूतियों, गणमान्य अतिथियों का सान्निध्य प्राप्त हुआ। समाज सेवा, नारी सशक्तिकरण, युवाओं के स्वरोजगार और जनकल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रहा नन्दी सेवा संस्थान, आज एक प्रेरणास्पद संस्था है। माननीय मंत्री श्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी जी के करुणामय मार्गदर्शन में संचालित यह संस्थान सेवा, संवेदना और समर्पण का जीवंत प्रतीक बनकर उभरा है। संस्थान द्वारा संचालित मां की रसोई आज न केवल भूखों के लिए भोजन का साधन है, बल्कि यह उनके लिए आश्वासन,



आत्मीयता और ममता का अनुभव भी है। प्रयागराज स्थित स्वरूपरानी नेहरू मेडिकल कॉलेज में आने वाले और भर्ती मरीजों तथा उनके साथ आने वाले परिजनों को स्वच्छ, पौष्टिक, गुणवत्तायुक्त व हाइजीनिक भोजन प्रदान करना वास्तव में सेवा का श्रेष्ठतम रूप है। मानवता की सेवा का आदर्श स्वरूप है मां की रसोई। जब एक परिवार किसी बीमार परिजन को लेकर अस्पताल पहुंचता है, तो उसकी प्राथमिकता होती है इलाज लेकिन इलाज के साथ भोजन की चिंता उन्हें मानसिक व आर्थिक रूप से कमजोर कर देती है। ऐसे में नन्दी सेवा संस्थान द्वारा संचालित यह रसोई, उन परिवारों के लिए भोजन का स्थल है साथ ही यह उनका संबल और सहारा भी बनती है। रोजाना सैकड़ों मरीजों और उनके परिजनों को गरम, स्वच्छ, स्वादिष्ट और संतुलित भोजन उपलब्ध कराना अपने-आप में एक विशाल आयोजन है। इस पुनीत कार्य में संलग्न स्वयंसेवकों की समर्पित भावना और संस्थान की सुदृढ़ व्यवस्था को देखकर सहज ही कहा जा सकता है कि यह रसोई सेवा की नहीं, बल्कि मां की ममता की प्रतीक है। स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने कहा कि उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय श्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में प्रदेश ने सुशासन, पारदर्शिता और लोककल्याण के नए आयाम स्थापित किए हैं और सामाजिक न्याय के क्षेत्रों में भी अभूतपूर्व प्रगति हुई है। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के मूलमंत्र को साकार रूप देते हुए अनेक योजनाएं लागू की गईं

# शासन के मंशानुरूप जनपद के सभी थानों पर आयोजित किया गया थाना समाधान दिवस

### जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने थाना लालगंज पर आए हुए फरियादियों की जन समस्याओं को सुना

भारत संवाद

मीरजापुर , शासन के मंशानुरूप जनपद के सभी थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा ने थाना लालगंज में आए हुए फरियादियों की जन समस्याओं को सुना तथा उनके त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को फरियादियों के शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने इस अवसर पर पुरानी शिकायतों का फीडबैक भी लिया और जिसमें संतोषजनक निस्तारण नहीं पाया गया उसमें संबंधित का उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए उनकी पुनः जांच कर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने का निर्देश दिया। थाना लालगंज में जिलाधिकारी के समक्ष प्राप्त पर 21 प्रार्थना पत्रों में से 02 का मौके पर निस्तारण करते हुए शेष प्रार्थना पत्र को संबंधित अधिकारियों को इस निर्देश के साथ प्रेषित किया कि संबंधित अधिकारी गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण करना सुनिश्चित करें।

### थाना समाधान दिवस पर प्राप्त प्रार्थना पत्रों को थानावार विवरण निम्नांकित है —

थाना को0शहर 07 प्रार्थना पत्र प्राप्त 04 निस्तारित, थाना को0कटरा पर 07 प्रार्थना पत्र प्राप्त, थाना विन्ध्याचल पर 32 प्रार्थना पत्र प्राप्त, थाना को0देहात पर 24 प्रार्थना पत्र प्राप्त 01 निस्तारित, थाना चील्ह पर 17 प्रार्थना पत्र प्राप्त 02 निस्तारित, थाना कछवां पर 16 प्रार्थना पत्र प्राप्त, थाना पड़री पर 05 प्रार्थना पत्र प्राप्त 01 निस्तारित, थाना हलिया पर 19 प्रार्थना पत्र प्राप्त 03 निस्तारित, थाना जिगना पर 10 प्रार्थना पत्र प्राप्त, थाना सन्तनगर पर 11 प्रार्थना पत्र प्राप्त 05 निस्तारित, थाना ड्रमण्डगंज पर 05 प्रार्थना पत्र प्राप्त 01 निस्तारित, थाना चुनार पर 09 प्रार्थना पत्र प्राप्त, थाना अदलहाट पर 09 प्रार्थना पत्र प्राप्त 03 निस्तारित, थाना जमालपुर पर 13 प्रार्थना पत्र प्राप्त 04 निस्तारित, थाना अहरौरा पर 22 प्रार्थना पत्र प्राप्त 02 निस्तारित, थाना मड़िहान पर 09 प्रार्थना पत्र प्राप्त, थाना राजगढ़ पर 03 प्रार्थना पत्र प्राप्त, शेष मामलों के निस्तारण हेतु राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम को रवाना किया गया ।

## देवी सुदीक्षा ने विधिविधान से श्री कैलाश धाम शिव कांवड़ सेवा शिविर का शुभारंभ किया

भारत संवाद

सहारनपुर। हर वर्ष की भांति इस वर्ष देहरादून रोड पर श्री कैलाश धाम शिव कांवड़ सेवा शिविर का उद्घाटन माता सुदीक्षा देवी ने आज सुबह शिविर में पूजा कर किया। शिविर के उद्घाटन अवसर पर देवी सुदीक्षा जी ने कहा कि भोले के भक्तों की सेवा करके जो पुण्य हमें मिलता है, उसकी गहराई का अंदाजा नहीं लगाया जा सकता। भक्तिरस में डूबे कांवडियों की सेवा से मन व चित्त शांत रहता है। शिविर में सम्बोधित करते प्रमुख व्यवसायी ललित पोपली ने कहा कि भोले भक्तों की सेवा श्री कैलाशधाम शिव कांवड सेवा शिविर काफी वर्षों से करता चला आ रहा है तथा धर्मलाभ ले रहा है। उन्होंने कहा कि वे स्वयं व उनकी टीम पूरे वर्ष इस शिविर के लिए प्रतीक्षा करते हैं ताकि वे भोले भक्तों की सेवा तन-मन-धन से कर सकें। शिविर में कई गणमान्य लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई

## एसएलएमजी कोका कोला त्रिशुंडी प्लांट द्वारा 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत, दस हजार पौधे लगाकर समाज में दिया बड़ा संदेश

### पेड़ हमारी प्राणवायु का श्रोत -वाइस प्रेसिडेंट-पंकज कपूर

भारत संवाद





अमेठी (त्रिशुंडी) भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 05 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ माँ के नाम अभियान की शुरूआत की गई। इस पहल का मुख्य उद्देश्य वर्तमान समय में बढ़ती ग्लोबल वार्मिंग से निजात पाना एवं इस धरा के भविष्य को सुरक्षित रखना है।प्लांट के वरिष्ठ एवं वाइस प्रेसिडेंट (वीपी) पंकज ने टीम को इस महाअभियान के प्रति जागरूक किया और बताया कि किस तरह से हम ग्लोबल वार्मिंग से बच सकेंगे, पर्यावरण के प्रबंधक जय तिवारी ने लोगों को स्वस्थ्य एवं प्रदूषण मुक्त जीवन जीने के लिए पौधा रोपण कार्य के महत्व को बताते हुए अपने आस-पास पौधे लगाने के लिए संदेश दिया, जिससे लोगों को जीवन खुशहाल रहे।आने वाली पीढ़ियों का ध्यान रखते हुए और इस वर्ष सबसे ज्यादा गर्मी पड़ने से लोगों पर बुरा प्रभाव पड़ा।इससे हमें बचाने के लिए एसएलएमजी कोका कोला त्रिशुंडी, अमेठी द्वारा 'एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत 10000 पौध लगाए गए, प्रबंधक जय तिवारी ने कहा इसके द्वारा कार्बन उत्सर्जन की मात्रा कम होगी लोग अच्छी सांस लेंगे, ग्लोबल वार्मिंग के प्रभाव को बढ़ने से रोका जाएगा, और जंगलों की तरफ कटाई ना करें उसे बढ़ाएं और संरक्षित करें। उन्होंने साथ साथ जल संरक्षण का भी संदेश दिया और कहा कि एक छोटा से तालाब के रूप में पिट बनाएं वर्षा जल को रोकें, और पानी को रिचार्ज करें, जिससे जल स्तर बना रहे।पेड़ लगाकर, या वृक्षारोपण करके, हम वायुमंडल से कार्बन डाइऑक्साइड को कम कर सकते हैं।पेड़ प्रकाश संश्लेषण की प्रक्रिया के दौरान कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करते हैं और ऑक्सीजन छोड़ते हैं, जिससे कार्बन को वायुमंडल से हटाने में मदद मिलती है। अधिक पेड़ लगाने से, हम वन आवरण का विस्तार कर सकते हैं, जो न केवल कार्बन को संग्रहित करने में मदद करता है, बल्कि मिट्टी को भी स्थिर करता है, वन्यजीवों के लिए आवास प्रदान करता है, और जल चक्र को विनियमित करने में भी मदद करता है. पेड़, पत्तियों में मौजूद क्लोरोफिल की मदद से, वायुमंडल से कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित करते हैं और इसे ग्लूकोज (एक प्रकार का शुगर) में बदल देते हैं, जो उनके विकास के लिए आवश्यक है।ऊर्जा-कुशल उपकरणों का उपयोग करना और ऊर्जा संरक्षण के तरीकों को अपनाना, जैसे कि कम तापमान पर थर्मोस्टेट सेट करना, और ऊर्जा-बचत वाले बल्बों का उपयोग करना।शहरी वातावरण में छाया प्रदान करके ऊर्जा बचाने में पेड़ महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, क्योंकि ये शहरों में तापमान कम कर सकते हैं। एढअ के अनुसार, पेड़ों की छाया और उनके द्वारा छोड़ी जाने वाली जलवाष्प, बिना छाया वाले क्षेत्रों की तुलना में अधिकतम तापमान को 20-45°F (11-25°C) तक कम कर सकती है।इस अभियान में प्लांट के कर्मचारी बादल नागर, पवन अग्रहरि, दिनेश, नितेश राय, संदीप सारस्वत, पंकज त्रिपाठी नीरज राना , संजय यादव, तेज बहादुर आदि ने अपनी सहभागिता प्रस्तुत की।

फास्ट ट्रैक

## स्वर्गीय शिवकुमार गुप्ता की 31वीं पुण्यतिथि पर भव्य संत समागम

### देशभर से पहुंचे महामंडलेश्वर, साधु-संत, राजनेता और समाजसेवियों ने दी श्रद्धांजलि

### बाबा लाल दास रोड स्थित शिवधाम मंदिर प्रांगण में हुआ ऐतिहासिक आयोजन



भारत संवाद

सहारनपुर। एनआरआई अजय गुप्ता एवं शिवधाम ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में बाबा लाल दास रोड स्थित शिवधाम मंदिर प्रांगण में स्वर्गीय शिवकुमार गुप्ता की 31वीं पुण्यतिथि अत्यंत श्रद्धा, सेवा और भक्ति भाव के वातावरण में सम्पन्न हुई। इस अवसर पर देश के कोने-कोने से पधारे महामंडलेश्वर, साधु-संत, राजनेता, समाजसेवी व शहर के गणमान्य नागरिकों ने पुष्प अर्पित कर दिवंगत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस विशेष आयोजन के मुख्य अतिथि जूना अखाड़ा के पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर आचार्य अवधेशानंद गिरि महाराज रहे। उन्होंने गुप्ता परिवार के सतत प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि वे अपने पूर्वजों की स्मृति में सनातन संस्कृति को जीवित रखने का जो कार्य कर रहे हैं, वह अत्यंत प्रेरणादायक है।

## कावड़ियों व श्रद्धालुओं के स्वागत व अभिनंदन के लिए नगर निगम ने बनवाये पहली बार विश्राम स्थल कावड़ यात्रा के रूट का नगर आयुक्त ने किया निरिक्षण बनावाये विश्वाम स्थल

### कावड़ियों की सुख सुविधा को ध्यान में रखते हुए नगर निगम कराएगा उम्दा इंतजाम

डोली शर्मा संवादाता महानगर/ भारत संवाद



अलीगढ़। सावन माह में आयोजित होने वाली पावन कावड़ यात्रा को लेकर अलीगढ नगर निगम सजग और मुस्टेदी से तैयारियों में जुटा हुआ है।इस आस्था व श्रद्धा की प्रतीक यात्रा को सुगम, सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने कावड़ यात्रा के प्रस्तावित रूट का स्थलीय निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधीनस्थ अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि नगर निगम इस बार कावड़ियों की सेवा में कोई कमी नहीं छोड़ेगा।वहीं शुक्रवार को दोपहर में नगर आयुक्त ने अधीनस्थों को साथ लेकर पीएसी,रामघाट रोड, खैर बाईपास, खेरेश्वर धाम रोड का निरीक्षण किया।नगर आयुक्त ने यात्रा मार्ग को पूरी तरह गड्ढा मुक्त,जल भराव व धूल रहित और स्वच्छ बनाए जाने पर विशेष जोर दिया। निरीक्षण में उन्होंने कहा कि कावड़ियों को नगर सीमा में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए प्रत्येक विभागीय अधिकारी को ज़िम्मेदार बनाया गया है।विशेष रूप से सोमवार के दिन,जब कावड़ियों की संख्या अधिक होती है तब नगर निगम की टीम हर मंदिर और प्रमुख मार्ग पर मौजूद रहेगी। नगर आयुक्त ने बताया कि बारिश के कारण किसी भी आपात स्थिति व भारी बारिश की संभावना व कावड़ यात्रा के रुट डायवर्जन को देखते हुए जल निकासी के लिए अतिरिक्त सीवर सकिंग मशीने व बड़े मोबाइल पंप के साथ नगर निगम की आधा दर्जन से भी ज्यादा टीमें मुस्तैद रहेंगी साथ ही नगर आयुक्त ने जानकारी दी कि कावड़ यात्रियों के ठहराव और विश्राम के लिए नगर निगम पहली बार पांच स्थानों पर विश्राम स्थलों का निर्माण कराएगा, जिनमें शीतल पेयजल, लाइटिंग,टेंट और बैठने की सुविधाएं मौजूद रहेंगी और ये विश्राम स्थल क्वार्सी दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल के सामने, गांधी पार्क, राजेंद्र अखाड़ा, जीटी रोड,खैर बायपास चोब सिंह इंटर कॉलेज के समीप और सासनी गेट पर बनाए गए हैं।नगर आयुक्त ने इस वर्ष कावड़ यात्रा के विशेष महत्व को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया है कि प्रत्येक सोमवार को नगर निगम का विशेष स्वच्छता अभियान सभी प्रमुख मंदिरों के आसपास चलाया जाएगा। विशेष तौर पर शिव मंदिर,कावड़ मार्ग के समीप के मंदिर व प्रसिद्ध धार्मिक स्थल इस अभियान में सम्मिलित रहेंगे।

## जनसंख्या नियंत्रण कानून हो लागू: नरेंद्र पाल सिंह

### राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य,केंद्रीय मंत्री,125 सांसदों का समर्थनःनहीं लागू हो पा रहा जनसंख्या नियंत्रण कानून

भारत संवाद



अलीगढ़।जनसंख्या समाधान फाउंडेशन व राष्ट्रीय हिन्दू फ्रंट के बैनर तले शुक्रवार को मुख्यालय पर जनसंख्या कानून बनाने की मांग करते हुए धरना प्रदर्शन कर एक मांग पत्र जिलाधिकारी के माध्यम से प्रधान मंत्री के नाम दिया गया। मांग पत्र में बढ़ती जनसंख्या को नियंत्रित करने के लिए कानून बनाया जाए।जिस तरह से जनसंख्या बढ़ रही है अगर इस पर अंकुश नहीं लगाया गया तो जनसंख्या बढ़ने से गृहयुद्ध के आसार बन जाएंगे। जिलाध्यक्ष नरेंद्र पाल सिंह ने कहा एक विशेष वर्ग साजिश के तहत जनसंख्या बढ़ाने में बड़ा योगदान कर रहा है।लोगों को रोजगार की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।यदि जनसंख्या बढ़ने की यही गति रही तो लोग रोजी रोटी के लिए तरस जाएंगे।इसके नियंत्रण के लिए कानून बेहद जरूरी है।जिला महामंत्री गुरुदास प्रजापति ने कहा कि देश में जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू करने के लिए फाउंडेशन लगातार संघर्ष कर रहा है।एक विशेष वर्ग द्वारा रणनीति के तहत जनसंख्या जानबुझकर बढ़ाई जा रही है,जिससे सनातन समाज की युवा पीढ़ी एक बच्चे तक सीमित रहने की प्रवृत्ति के कारण देश के अनेक भागों में छह वर्ष से कम आयु वर्ग के बच्चों में जनसंख्या का संतुलन उस वर्ग विशेष के पक्ष में झुकता दिखने लगा है।महामंत्री राजेश गुप्ता ने बताया कि विभिन्न सामाजिक वर्गों के बीच जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने की मांग को लेकर पिछले 11 वर्षों से फाउंडेश अभियान चला रहा है। इसे आरएसएस की राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य डॉ. इंद्रेश कुमार व केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह सहित 125 सांसदो का समर्थन प्राप्त है।इस मौके पर नरेंद्र वार्ष्णेय,सतीश गुप्ता,प्रताप लोधी, गजेंद्र पाल सिंह,करन माहौर राजबहादुर,गुप्ता,चंचल शर्मा,विनोद आर्य,रश्मि पंकज,राजौरी पाठक,राधा रानी,शीलू शर्मा,नीतू सिंह,रामकिशोर माहौर,अजब सिंह,लोधी,योगेश सिंघल,राजकुमार,अनिल तौमर विनोद शर्मा,राकेश ठाकुर,संजय सिंह, विकास दीक्षित आदि मौजूद रहे।

## अज्ञात लुटेरे महिला को नशीला पदार्थ सुंघाकर कानों के कुंडल उड़ाए

भारत संवाद

सहारनपुर।जनपद के थाना बिहारीगढ़ के गांव औरंगाबाद में अज्ञात लूटेरों ने एक महिला को नशीला पदार्थ सुंघाकर कानों से सोने के कुंडल और पैरों की पाजेब निकाल कर फरार हो गए, इस वारदात के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई है।पीड़ित परिवार ने बिहारीगढ़ थाने में मामले की तहरीर दी है, जिसके बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।वहीं बताया जा रहा है कि दूसरी घटना हसनावाला रोड स्थित घेर कर्मा गांव में हुई है, जहां देर रात संजय काम्बोज के घर के पीछे कुछ संदिग्ध लोगों को देखा गया शोर मचाने पर चोरों ने भागने की कोशिश करते हुए राह चलते बाइक सवार को धक्का देकर फरार हो गए।

## सुखमा संस ने पगार में की कटौती तो फूटा गुस्सा,लगाया जाम, 7 कर्मचारियों की सेवा हुई समाप्त स्वास्थ्य अधिकारी ने कराया मुकदमा दर्ज

डोली शर्मा संवादाता महानगर / भारत संवाद



अलीगढ। आज महानगर में सूखमा कंपनी वापस जाओ सुखमा कंपनी हटाओ,सुखमा कंपनी हाय हाय के गगनभेदी नारों से सासनी गेट आगरा रोड पर लगाते सफाई कर्मचारियों ने जाम लगा दिया।कारण सुखमा कंपनी द्वारा पिछले माह का वेतन कटौती कर जारी किया गया था।कंपनी को सफाई कराने का ठेका नगर निगम द्वारा दिया गया है, जो नगर निगम के सफाई जोनल क्षेत्र के जोन 2 और जोन 4 में सफाई कार्य कराते हैं ।शनिवार को अचानक सुखमा कंपनी से जुड़े सैकड़ों सफाई कर्मचारी पुरुष व महिलाएं हाथों में झाड़ू,पंजी,लिए आगरा रोड पर एकत्रित होकर सुखमा संस का विरोध करते हुए नारेबाजी करने लगे और जाम लगा दिया।मौके पर थाना सासनी गेट प्रभारी पुलिस बल के साथ पहुंच गए उन्होंने सभी को समझाने का प्रयास भी किया लेकिन सभी कर्मचारी और उनके नेता करन व प्रशांत मौके पर कंपनी के हेड को बुलाने की मांग करने लगे, कंपनी पर शोषण करने का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन करते रहे।भाजपा के कर्मचारी नेता राहुल चेतन भी मौके पर पहुंच गए। मौके पर मौजूद नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मुकेश कुमार की भी बात नहीं मानी और उनसे अभद्रता कर दी। बड़ी मुश्किल से सफाई कमचारियों को समझाबुझा कर जाम खुलवाया गया। सफाई कर्मी करन ने सुखमा संस पर गंभीर आरोप लगाए जिसका वीडियो वायरल होने पर कंपनी द्वारा तत्काल सेवा समाप्त करने का आदेश जारी कर दिया गया,6,अन्य कर्मचारी प्रशांत,रवि राज,विशाल,के अलावा तीन अन्य की भी सेवा समाप्त कर दी गई है।कंपनी द्वारा सेवा समाप्त के पत्र में आरोप लगाया गया है कि आपके द्वारा हड़ताल में शामिल हो कर अनुशासनहीनता के साथ हिंसात्मक व्यवहार किया गया है साथ ही नगर स्वास्थ्य अधिकारी के साथ शारीरिक झड़प की गई है।नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मुकेश कुमार ने 4 सफाई कर्मी करन,रवि राज,अंकुश,रविन्द्र व अन्य के खिलाफ थाना सासनी गेट में विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराया है। सेवा समाप्त की सूचना नगर आयुक्त व नगर स्वास्थ्य अधिकारी को भी भेज दी गई है।

## बाइवॉल्व प्रजातियों से डीएनए प्राप्त करने की सरल और हानिरहित विधि विकसित



भारत संवाद

स्विट्ज रलैंड स्थित ज्यूरिख विश्वविद्यालय के फोरेंसिक मेडिसिन संस्थान के फोरेंसिक जेनेटिक्स विभाग और भारत के जीवविज्ञानी डॉ. अजय कुमार सोनकर के बीच हुए एक महत्वपूर्ण वैज्ञानिक सहयोग से बाइवॉल्व (समुद्री सीप जैसी द्विदल प्रजातियों) से उच्च गुणवत्ता वाला डीएनए प्राप्त करने की एक सस्ती, सरल और पूरी तरह अहानिकर विधि विकसित की गई है।इस विधि को प्रतिष्ठित शोध पत्रिका MethodsX में प्रकाशित किया गया है। इसमें साधारण कॉटन कॉस्मेटिक स्वैब्स और Chelex रेज़िन का उपयोग किया गया है, जिससे बिना किसी विशेष उपकरण या हानिकारक रसायन के डीएनए निकाला जा सकता है।यह तकनीक कम लागत पर (प्रति सैंपल 20 से भी कम खर्च) बहुत कम समय और न्यूनतम प्रशिक्षण के साथ फील्डवर्क के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध हुई है। संयुक्त बयान में डॉ. बर्टलान लेंडवे और डॉ. अजय कुमार सोनकर ने कहा कि पारंपरिक डीएनए सैंपलिंग विधियाँ अक्सर आक्रामक होती हैं, जिससे जीवों को क्षति या तनाव होता है। हमारा उद्देश्य एक ऐसी सरल और प्रभावी विधि विकसित करना था, जिससे बाइवॉल्व प्रजातियों से उच्च गुणवत्ता का डीएनए इस तरह निकाला जा सके कि उन्हें कोई हानि न पहुँचे। यह विधि 3फ सिद्धांत (Replace, Reduce, Refine) का पालन करती है और अत्यंत किफायती भी है। उन्होंने आगे कहा कि यह तकनीक इतनी सहज और सस्ती है कि इसे दूरदराज के क्षेत्रों में भी आसानी से अपनाया जा सकता है। इसका उपयोग जैव विविधता संरक्षण, जलीय कृषि प्रबंधन और मोती की प्रामाणिकता सुनिश्चित करने में किया जा सकेगा। यह शोध इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है कि किसी भी अनुसंधानकर्ता या पालनकर्ता को विशेष उपकरणों और महंगे किट्स पर निर्भर न रहना पड़े। इस विधि को सेशेल्स, हवाई, म्यांमार और अंडमान द्वीप समूह के Pinctada margaritifera और Pinctada maxima प्रजातियों पर सफलतापूर्वक आजमाया गया। इन नमूनों से प्राप्त डीएनए से स्पष्ट जीन प्रोफाइल तैयार हुए, जिनसे प्राकृतिक आबादी की पहचान और वर्गीकरण संभव हो सका। यह विधि न केवल जीवों को बिना क्षति के सैंपलिंग की सुविधा देती है, बल्कि यह प्रमाणित करती है कि बिना महंगे संसाधनों के भी विश्वस्तरीय अनुसंधान संभव है। ज्यूरिख विश्वविद्यालय का फोरेंसिक जेनेटिक्स विभाग दुनिया भर में डीएनए विश्लेषण, फॉरेंसिक और पारिस्थितिकी आधारित अनुसंधान के क्षेत्र में अग्रणी है। डॉ. अजय कुमार सोनकर मोती उत्पादन, ऊतक- संस्कृति और समुद्री जैविकी में अपने योगदान के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्राप्त भारतीय वैज्ञानिक हैं।

## कांवड़ यात्रा सांस्कृतिक राष्ट्रवाद का महापर्वः महापौर

### नगर निगम ने कुतुबशेर तिराहे पर किया कांवड़ यात्रा व्यवस्था कैंप का शुभारंभ

भारत संवाद

सहारनपुर। नगर निगम द्वारा कुतुबशेर तिराहे पर आज एक कांवड़ यात्रा व्यवस्था कैंप का शुभारंभ किया गया। महापौर डॉ. अजय कुमार, नगरायुक्त शिपू गिरी व कांवड़ संचालक सेवा संघ के अध्यक्ष संजय फुटेला ने रिबन काटकर कैंप का शुभारंभ किया। इस अवसर पर निगम द्वारा एक स्वच्छता रैली भी निकाली गयी। कार्यक्रम में उपस्थित सभी पार्षदों, शिविर संचालकों व अतिथियों को पौधे भेंट कर उनका अभिनंदन किया गया। महापौर डॉ. अजय कुमार ने कहा कि कांवड़ यात्रा सांस्कृतिक राष्ट्रवाद का महापर्व है। यह पर्व हमें एक दूसरे की संस्कृति और संस्कारों से भी अवगत कराता है। कांवड़ यात्रा के दौरान कांवड़ शिविरों एवं कांवडियों को पथ प्रकाश, साफ-सफाई, शुद्ध पेयजल तथा शौचालय आदि की सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निगम अधिकारी-कर्मचारी रात दिन जुटे है।


## विशेष रेलगाड़ी का संचालन

भारतीय रेल द्वारा श्रावण मास में कावड़ यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं/यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निम्नलिखित विशेष रेलगाड़ी के संचालन का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत है:—

गाड़ी संख्या 04158/04157 गोविन्दपुरी-आसनसोल जं. अनारक्षित विशेष रेलगाड़ी

| गाड़ी संख्या 04158 गोविन्दपुरी-आसनसोल जं. | | | गाड़ी संख्या 04157 आसनसोल जं.-गोविन्दपुरी | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| – | 08:15 | गोविन्दपुरी | 08:40 | – |
| 09:15 | 09:17 | फतेहपुर | 06:10 | 06:12 |
| 09:45 | 09:47 | खागा | 05:33 | 05:35 |
| 10:10 | 10:12 | सिराथू | 05:00 | 05:02 |
| 10:28 | 10:30 | भरवारी | 04:38 | 04:40 |
| 11:40 | 11:45 | प्रयागराज जं. | 03:55 | 04:00 |
| 14:25 | 14:30 | बनारस | 01:20 | 01:25 |
| 14:45 | 14:55 | वाराणसी जं. | 01:00 | 01:10 |
| 17:00 | 17:05 | गाजीपुर सिटी | 23:10 | 23:15 |
| 18:05 | 18:10 | बलिया | 22:05 | 22:10 |
| 18:38 | 18:40 | सहतवार | 21:43 | 21:45 |
| 19:08 | 19:10 | सुरेमनपुर | 21:20 | 21:22 |
| 20:10 | 20:20 | छपरा जं. | 20:40 | 20:50 |
| 21:05 | 21:07 | बड़ागोपाल | 18:07 | 18:09 |
| 21:20 | 21:22 | दिघवारा | 17:55 | 17:57 |
| 21:35 | 21:37 | नयागांव | 17:47 | 17:49 |
| 22:05 | 22:07 | सोनपुर | 17:30 | 17:32 |
| 22:17 | 22:22 | हाजीपुर जं. | 17:15 | 17:20 |
| 22:40 | 22:42 | अक्षयवट राय नगर | 16:35 | 16:37 |
| 23:02 | 23:04 | देसरी | 16:10 | 16:12 |
| 23:18 | 23:20 | महनार रोड | 15:48 | 15:50 |
| 23:30 | 23:32 | शाहपुर पटौरी | 15:35 | 15:37 |
| 23:42 | 23:44 | मोहिउद्दीन नगर | 15:13 | 15:15 |
| 23:52 | 23:54 | विद्यापति धाम | 15:02 | 15:04 |
| 00:03 | 00:05 | बछवाड़ा जं. | 14:50 | 14:52 |
| 00:40 | 00:50 | बरौनी जं. | 14:20 | 14:30 |
| 01:50 | 01:52 | बड़हिया | 12:38 | 12:40 |
| 02:00 | 02:02 | डुमरी हाल्ट | 12:25 | 12:27 |
| 02:12 | 02:14 | मनकठा | 12:16 | 12:18 |
| 02:20 | 02:22 | लखीसराय जं. | 12:07 | 12:09 |
| 02:30 | 02:32 | किऊल जं. | 12:00 | 12:02 |
| 02:52 | 02:54 | जमुई | 11:30 | 11:32 |
| 03:25 | 03:30 | झाझा | 11:00 | 11:05 |
| 04:01 | 04:11 | जसीडीह जं. | 09:45 | 09:55 |
| 04:31 | 04:33 | मधुपुर जं. | 08:53 | 08:55 |
| 05:11 | 05:13 | चितरंजन | 08:10 | 08:12 |
| 06:30 | ---- | आसनसोल जं. | ---- | 07:45 |

• **गोविन्दपुरी से :** गाड़ी संख्या 04158 दिनांक 14.07.2025 से 11.08.2025 तक (प्रत्येक सोमवार) • **आसनसोल जं. से :** गाड़ी संख्या 04157 दिनांक 15.07.2025 से 12.08.2025 तक (प्रत्येक मंगलवार)

**उपरोक्त के अतिरिक्त :** गाड़ी संख्या 12538 प्रयागराज जं.-मुजफ्फरपुर जं. एक्सप्रेस का प्रयागराज जं. पर प्रस्थान के समय में संशोधन किया गया है जिसका विवरण निम्नवत है।

| गाड़ी संख्या एवं नाम | वर्तमान समय | परिवर्तित समय | प्रारम्भिक स्टेशन से प्रभावी तिथि |
|---|---|---|---|
| 12538 प्रयागराज जं.-मुजफ्फरपुर जं. एक्सप्रेस | प्रस्थान 04:45 | प्रस्थान 04:50 | 14.07.2025 |

नोट : ट्रेनों की समय-सारणी से सम्बन्धित जानकारी हेतु हेल्पलाइन न0 139 या Railmadad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

@CPRONCR North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in 1225/25 (C)



भारत संवाद परिवार 1-संरक्षक-भारत संवाद डॉ राम किशोर शर्मा पूर्व विभागाध्यक्ष इलाहाबाद विश्व विद्यालय कबीर सम्मान 2021 से सम्मानित, 2-संरक्षक-भारत संवाद, आचार्य पं0 पृथ्वीनाथ पाण्डेय भाषाविज्ञानी एंव मीडियाध्ययन विशेषज्ञ, 3-संरक्षक-भारत संवाद गजानन महतपुरकर, (सुपरिचित कवि, लेखक, गीतकार, मंच संचालक, स्वतंत्र पत्रकार एवं सदस्य, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी तथा पश्चिम रेलवे, चर्चगेट के वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी पद से सेवानिवृत्त), 4-कला एवं मनोरंजन संपादक (भारत संवाद), जगन्नाथ तिवारी, 5-उपसंपादक (भारत संवाद), माता प्रसाद शर्मा, 6-प्रभारी प्रयागराज संस्करण आशीष कुमार शर्मा

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक अरविन्द कुमार शर्मा द्वारा रमा प्रिंटिंग प्रेस 53/25/1-ए बेली रोड नया कटरा इलाहाबाद से मुद्रित एंव ज्ञान गंगा कालोनी सराय तकी झूंसी प्रयागराज से प्रकाशित। संपादक- अरविन्द कुमार शर्मा।फोन नं०.05324012522 मो०-9455137214,9935750291,E mail-bharatsamvad2009@gmail.com RNI No-UPHIN/2009/30939 (किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र इलाहाबाद उच्च न्यायालय होगा)।

